04/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में भारतीय विमानन क्षेत्र में सफल महिलाओं के एक समूह के साथ 'द प्रेसिडेंट विद द पीपल' पहल के तहत बातचीत की, जिसका उद्देश्य लोगों के साथ गहरा संबंध स्थापित करना और उनके योगदान को मान्यता देना है। इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के नागरिक विमानन क्षेत्र में विभिन्न परिचालन और तकनीकी क्षेत्रों में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा, पंद्रह प्रतिशत एयर ट्रैफिक कंट्रोलर महिलाएं हैं, ग्यारह प्रतिशत फ्लाइट डिस्पैचर महिलाएं हैं और नौ प्रतिशत एयरोस्पेस इंजीनियर महिलाएं हैं। राष्ट्रपति ने कहा, पिछले साल वाणिज्यिक लाइसेंस प्राप्त करने वाले अट्ठारह प्रतिशत पायलट महिलाएं थीं। उन्होंने कहा कि सरकार के समावेशी प्रयासों से नागरिक विमानन क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा मिला है।

0000000000000000000000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि लोक प्रशासन में लोगों को हमेशा राष्ट्रवाद के मूल्यों, एक विकसित और एकजुट भारत के विचार और बिना किसी डर या पक्षपात के सभी भारतीय नागरिकों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। उन्होंने सोमवार को नई दिल्ली में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) की आम सभा की सत्तरवीं वार्षिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। धनखड़ ने कहा कि देश तेजी से औपनिवेशिक मानसिकता को त्याग रहा है।

उन्होंने कहा कि डेटा समाज की जरूरतों का आकलन करने का आधार और मूल आधार है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह डेटा ही है जो मिथकों को दूर करता है, लोगों को जमीनी हकीकत से अवगत कराता है और इसलिए यह किसी भी शासन के लिए आवश्यक है, जिसके दिल में लोगों का कल्याण हो।

0000000000000000000000000

केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत और चीन ने पीछे हटने की दिशा में "कुछ प्रगति" की है और इसे "स्वागत योग्य" कदम बताया है जिससे अन्य कदम उठाने की संभावना खुलती है। उनकी यह टिप्पणी भारतीय और चीनी सैनिकों द्वारा पूर्वी लद्दाख के डेमचोक और देपसांग मैदानों में दो टकराव बिंदुओं पर पीछे हटने के कुछ दिनों बाद आई है। भारतीय सेना ने देपसांग में सत्यापन गश्त शुरू की, जबकि डेमचोक में गश्त शुक्रवार को शुरू हुई थी। ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत के दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा, "हमने पीछे हटने की दिशा में कुछ प्रगति की है, जो तब होता है जब सैनिक एक-दूसरे के बहुत करीब होते हैं, जिससे कुछ अप्रिय घटना होने की संभावना होती है।"

0000000000000000000000

बासार में लेपारादा किसान सोसायटी ने कृषि से संबंधित सभी विभागीय प्रमुखों और निर्वाचित पंचायती नेताओं के साथ मिलकर पहली बार बातचीत व समन्वय बैठक का आयोजन किया। जिले में कृषि गतिविधियों से जूड़े विभिन्न पहलुओं और इसके सुधार के लिए व्यापक रुपरेखा तैयार करने पर विचार विमर्श के वास्ते एक मंच प्रदान करना इस बैठक का लक्ष्य था। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए स्थानीय विधायक न्याबी जिनी दिरची ने किसानो से अपनी कृषि पद्धातियों को व्यावसायिकता की भावना से अपनाने का आहवान किया। वहीं संबद्ध विभागों के विभागीय प्रमुखो ने भी किसानों से विशेषज्ञों एवं संबद्ध विभागों से परामर्श लेकर सबसे बेहतरीन पद्धति को अपनाने का आहवान किया ताकि इच्छित परिणाम और कृषि सेक्टर में स्थिरता को हासिल किया जा सके।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज एशिया एंडुरो सिरिस, मनडुरो 4.0 के चौथे संस्करण के लिए टी-सर्ट और हूडी का आधिकारिक तौर पर अनावरण किया। गौरतलब है कि वार्षिक एंडुरो बाईकिंग इवेंट तवांग में आगामी नौ से चौदह नवंबर को आयोजित किया जायेगा। श्री खांडू ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यू सी आई एंडुरो के विश्व विजेता फ्रांस के एलेक्स रुडियो सहित आठ देशों के सभी प्रतिभाग़ियों का स्वागत करते हुए सभी को रोमांच, लचीलेपन और खेल कौशल से भरे एक शानदार आयोजन की शुभकामनाए दी।

000000000000000000

ग्रेटर सियांग बैडमिंटन प्रतियोगिता दो हजार चौबीस की पहली संस्करण में लेपारादा जिला ओवरऑल चैंपियन बनकर उभरा। वहीं अपर सियांग जिले ने टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ अनुशासित टीम का खिताब जीता। यह प्रतियोगिता तेरह से पंद्रह आयु वर्ग के लड़के, लड़कियों और पैतीस से चालीस से अधिक आयु वर्ग और पैतालीस से पच्चपन से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया था। तीन कोर्ट्स में आयोजित चार दिन चले इस टूर्नामेंट में दो सौ सत्तासी खिलाड़ियों ने भाग लिया और तीन सौ पंद्रह मैच खेले गए। लिकाबाली बैडमिंटन क्लब ने ग्रेटर सियांग बैडमिंटन एशोसिएशन के तात्वधान में इस टूर्नामेंट का आयोजन किया था।

0000000000000000000000

लोहित जिले के मेदो ग्रामीण क्षेत्र के सिनियर पुस्तकालय वालंटियर आशापमाई देलांग ने दिल्ली में दो और तीन नवबंर को आयोजित 'कावेरी मीट्स गंगा' संगीत एवं नृत्यु उत्सव में कलकक्षेत्र सिमफोनी टीम में भाग लेकर राज्य को गौरवान्वित किया। गौरतलब है कि आशापमाई देलांग चन्नई स्थित कलकक्षेत्र फाउंडेशन में कर्नाटक मियूजिक के चौथे वर्ष के छात्र भी है। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के तहत पहली अमृत परांपरा श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूरे देश में पारंपरिक कलाओं और कला रुपो का प्रदर्शन और जश्न मनाना है। उत्सव को केंद्रीय विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने उदघाटन किया। कलकक्षेत्र दल ने कर्नाटक संगीत की विभिन्न शैलियों का जीवंत प्रदर्शन प्रस्तुत करके दर्शको की सराहना हासिल की।

000000000000000